दिन–गुरूवार दिनांक– 05/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

आज शिक्षक दिवस है। पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में बिहार के दो शिक्षकों समेत देशभर के बयासी शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस पुरस्कार का उद्देश्य देश के उन बेहतरीन शिक्षकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने छात्रों के जीवन को समृद्ध बनाया है। बिहार से इस पुरस्कार को पाने वालों में कैमूर जिले के तरहनी स्थित न्यू प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सिकेन्द्र कुमार सुमन और मधुबनी के शिव गंगा प्लस–टू स्कूल की डॉक्टर मीनाक्षी कुमारी शामिल हैं। इन शिक्षकों को पचास हजार रूपये नकद और रजत पदक से सम्मानित किया जायेगा। इधर, पटना में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने इकतालीस शिक्षकों को राजकीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किये।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

बिहार पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आज से सुरक्षित सफर सुविधा की शुरूआत की है। पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने बताया कि राज्य के छह जिलों पटना, गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बेगूसराय और नालंदा में पायलट प्रोजेक्ट के तहत यह योजना शुरू की गयी है। उन्होंने बताया कि महिलाएं अपने घर से बाहर कहीं भी कभी भी डायल एक सौ बारह की मदद से सुरक्षित यात्रा कर सकती हैं।

———————————————————————

राज्य सरकार बिहार के खिलाड़ियों, प्रशिक्षक, खेल प्रशासक और खेल संघों को सम्मानित करेगी। आज पटना में आयोजित समारोह में इक्कीस प्रशिक्षक, चार खेल संघ, चार खेल अधिकारी तथा छह सौ पन्द्रह खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। इनमें तीस खिलाड़ी अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। बिहार

राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि भारतीय पुरूष हॉकी टीम के गोलकीपर पी.आर. श्रीजेश समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

———————————————————————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा कल दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। श्री नड्डा इस दौरान पटना स्थित आईजीआईएमएस के नेत्र अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। साथ ही वे गया स्थित अनुग्रह नारायण मेडिकल कॉलेज अस्पताल, लहेरियासराय स्थित दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल और मुजफ्फरपुर स्थित श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का लोकार्पण करेंगे। श्री नड्डा पीएमसीएच में बन रहे नए अस्पताल भवन और दरभंगा एम्स के प्रस्तावित स्थल का भी निरीक्षण करेंगे।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज भोजपुर जिले के बखोरापुर में आयोजित कार्यक्रम में इकतालीस करोड़ तिरेसठ लाख रूपये की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और पन्द्रह करोड़ छियासठ लाख रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। श्री कुमार ने आरा में जीरोमाइल के पास निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निरीक्षण भी किया।

———————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान तारापुर में सबसे अधिक एक सौ बत्तीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, किशनगंज के तैयबपुर में एक सौ अठारह दशलमव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, सुपौल, अररिया, पूर्णियां और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के पूर्वी और उत्तर–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।